फिन मैकोल और लम्बा पुल

आयरिश लोक कथा

फिन मैककोल

एक आयरिश राक्षस

फिन की पत्नी,

सबा

रेड मैन,

एक स्कॉटिश राक्षस

एक बार एक आयरिश राक्षस था उसका नाम था - फिन मैककोल.

उसे स्कॉटलैंड में रहने वाले राक्षसों से लड़ना पसंद था. इसलिए उसने आयरलैंड से स्कॉटलैंड तक समुद्री मार्ग पर पत्थरों का एक पुल बनाया.

एक दिन, फिन ने एक स्कॉटिश राक्षस रेड मैन को लड़ने की चुनौती दी. जब रेड मैन ने समुद्री मार्ग पर पत्थरों के पुल पर चलना करना शुरू किया, तो फिन को एहसास हुआ कि स्कॉटिश राक्षस सच में उससे बहुत ज़्यादा बड़ा और बलवान था!

फिर फिन छिपने के लिए अपने घर में भागा.

फिन घर में जाकर स्नान-टब में कूद गया. फिन की पत्नी, सबा ने फिन को एक कंबल से ढंक दिया. कुछ देर बाद उनके दरवाजे पर बहुत जोर से दस्तक हुई.

जब सबा ने दरवाजा खोला तो उसके सामने रेड मैन खड़ा था. उसने कहा, "फिन कहां है? मैं उससे लड़ना चाहता हूं!"

सबा ने जवाब दिया. "फिन शिकार के लिए बाहर गया है, लेकिन आपका घर में स्वागत है. आप अंदर आएं और कुछ देर इंतजार करें."

सबा ने घर की दीवार से टिके एक विशाल पेड़ के तने की ओर इशारा किया. "आप फिन के अस्त्र के बगल में ही अपना भाला छोड़ दें," सबा ने रेड मैन से कहा.

फिर सबा ने रेड मैन के लिए एक विशाल डबलरोटी पकाई. उसने डबलरोटी के बीच में एक कटोरी छिपा दी. जब रेड मैन कटोरी को काटने की कोशिश की तो उसका दांत टूट गया. सबा ने मुस्कुराते हुए कहा "यह वो डबलरोटी है जो फिन को सबसे पसंद है!"

उसके बाद सबा ने रेड मैन को एक ड्रम में शराब दी. "यह फिन का पसंदीदा मग है," सबा ने कहा

इसका मतलब है कि फिन बहुत बड़ा होगा," रेड मैन ने घबराकर कहा.

तब सबा ने रेड मैन से कहा कि अब उसे अपने बच्चे को खिलाना होगा. उसने स्नान-टब में फिन के लिए एक डबलरोटी फेंकी और फिर फिन कंबल के नीचे जाकर छिप गया. रेड मैन को लगा कि फिन ही सबा का बच्चा था!

उसके बाद रेड मैन घबराकर रोते हुए वहां से भागा, "अगर बच्चा इतना बड़ा है तो उसका पिता कितना विशाल होगा?"

वो दौड़ा-दौड़ा समुद्री मार्ग पर पत्थर के पुल से स्कॉटलैंड वापस पहुंचा.

उसके बाद फिन ने स्नान-टब से बाहर छलांग लगाई और उसने रेड मैन का पीछा किया. फिर फिन ने चट्टानों से बने पुल को तोड़ डाला ताकि समुद्री किनारे पर केवल नुकीले पत्थर ही बचे रहें.

कहानी का सबक

कई पारंपरिक कहानियों में एक सबक छिपा होता है. इस कहानी में भी एक सबक छिपा है.

फिन ने रेड मैन को चुनौती दी यह बिना पता किए कि वो कितना बड़ा और शक्तिशाली था! कहानी हमें यह भी सिखाती है कि कई बार इंसान अपने दिमाग से ताकत को हरा सकता है.